बिहार सरकार
उद्योग विभाग (तकनीकी विकास)

पत्रांक : 3162 /पटना, दिनांक : 08/08/2024.
सं0सं0–04तक0 / उद्यमी योजना–EDC / 137 / 2024
प्रेषक,

सहायक निदेशक (तक0),
तकनीकी विकास निदेशालय,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

प्राचार्य,
एल0एन0 मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेश मैनेजमेंट,
मुजफ्फरपुर, बिहार।

विषय : मुख्यमंत्री उद्यमी योजना हेतु जिला स्तर पर उद्यमिता विकास केन्द्र (EDC) की स्थापना के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि उद्योग विभाग, बिहार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उद्यमी योजना राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। इस योजनान्तर्गत उद्यमिता को बढ़ावा देने, कौशल विकास, परामर्श देने तथा रोजगार सृजन के उद्देश्य से राज्य के सभी 101 अनुमंडलों में उद्यमिता विकास केन्द्र (EDC) स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसी प्रकार जिला स्तर पर उद्यमिता विकास केन्द्र (EDC) की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है।

उल्लेखनीय है कि आपके सम्मानित संस्थान में पूर्व से स्टार्ट–अप सेल संचालित है। इसी प्रकार आपके संस्थान में जिला स्तरीय उद्यमिता विकास केन्द्र (EDC) की स्थापना का प्रस्ताव है जिसके लिए उद्योग विभाग वार्षिक रु0 6.00 लाख (छः लाख रुपये) का आर्थिक सहयोग प्रदान करेगा। मदवार व्यय विवरणी एवं EDC संचालन का विस्तृत दिशा–निर्देश की प्रति संलग्न है। EDC की स्थापना के लिए निम्न संरचना की उपलब्धता आवश्यक है :–

1. उद्यमिता विकास केन्द्र (EDC) की स्थापना के लिए समर्पित स्थान के साथ कम्प्यूटर, इंटरनेट / वाई–फाई की सुविधा, मीटिंग हॉल की सुविधा
2. EDC के संचालन के लिए 01 फैकल्टी इंचार्ज, 02 छात्र प्रतिनिधि
3. EDC कोर्डिनेटर के चयन हेतु 05 व्यक्तियों के नाम प्रस्तावित करेंगे जिनमें से एक का चयन विभाग द्वारा किया जायेगा

अतः अनुरोध है कि पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर आपके संस्थान में उद्यमिता विकास केन्द्र (EDC) की स्थापना हेतु अपनी सहमति के साथ एक फैकल्टी इंचार्ज (नाम, मोबाईल संख्या एवं ई0–मेल आई0डी0 के साथ) को नामित करने की कृपा की जाय।
अनुलग्नकः– यथोक्त।

विश्वासभाजन,

07/08/24

सहायक निदेशक (तक0),
तकनीकी विकास निदेशालय,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– 3162 /पटना, दिनांकः– 08/08/2024.

प्रतिलिपिः– डॉ0 किशोर पर्थ, फैकल्टी इंचार्ज, स्टार्ट–अप सेल, एल0एन0 मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेश मैनेजमेंट, मुजफ्फरपुर, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07/08/24

सहायक निदेशक (तक0),
तकनीकी विकास निदेशालय,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।